सीएजी रिपोर्ट खुलासा :

डिस्कॉम को लगी करोड़ों की चपत

जयपुर @ पत्रिका. राज्य सरकार की 2018-19 की वित्तीय स्थिति को लेकर पेश इन प्रतिवेदनों से बजट की खस्ताहाल स्थिति और विभागों मे चल रहे अनेक गड़बड़झालों का खुलासा किया गया है। बिजली कंपनियों ने वाटर सेस वसूला, लेकिन समय पर जमा नहीं कराया और उसकी वजह से 55 करोड़ रुपए इन कंपनियों के खाते से अतिरिक्त चुकाने पड़े। अजमेर डिस्कॉम में तो एक ही व्यक्ति को कई काम सौंपने से सवा दो करोड़ रुपए का गबन सामने आया, इस कर्मचारी ने राशि अपने रिश्तेदारों के खातों में ही भेज दी।